प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'सत्रह'

[22/7/2015]

प्रश्न सं. [क्र. 310]

परिशिष्ट - 'अ'

कार्यालय राहत आयुक्त, मध्यप्रदेश
राज्य आपदा राहत भवन
220, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक 929 /रा.आ./वि.स./2015 भोपाल, दिनांक 15 /07/2015

प्रति,

उप सचिव,
म.प्र.शासन,राजस्व विभाग,(शा–3)
मंत्रालय वल्लभ भवन,
भोपाल

विषय–विधानसभा सत्र जुलाई 2015 अतारांकित प्रश्न क्र. 310 द्वारा मान0 विधायक श्री जतन उईके।
संदर्भ–आपका पत्र क्र. 403/393/2015/सात–3 दिनांक 14/07/2015

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा प्राप्त विधानसभा अतारांकित क्रमांक 310 की वांछित जानकारी/उत्तर कार्यालय कलेक्टर जिला छिंदवाड़ा के पत्र क्र. 5341 दिनांक 15.07.2015 से प्राप्त जो निम्नानुसार है :–

प्रश्न का स्वरूप	जानकारी
(क) क्या पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामो मे पेयजल परिवहन कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराए जाने के प्रावधान राज्य शासन द्वारा निर्धारित किये गये हैं ?	(क) मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग (राहत शाखा) के सूखा पेयजल संकट या अन्य समस्याओं से निपटने के संबंध में राज्य शासन के स्थायी निर्देश 2007 के तहत् पेयजल स्त्रोंत सूख जाने से पेयजल संकट का सामना करने के लिए समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है।
(ख) यदि हॉ, तो छिंदवाड़ा जिले में वर्ष 2011–12 में वर्तमान तक कितने ग्रामों में पेयजल परिवहन कराया गया है ? क्या पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में उनकी मांगके अनुरूप पेयजल परिवहन कराया, जाता है ? उस पर होने वाला व्यय किस मद से किया जाता है ?	(ख) छिन्दवाड़ा जिले में वर्ष 2011–12 में 59 ग्रामो में, वर्ष 2012–13 में 46 ग्रामों में, वर्ष 2013–14 में 58 ग्रामों में, वर्ष 2014–15 में 14 ग्रामों में एवं 2015–16 में 2 ग्रामों में पेयजल परिवहन कराया गया है। उनकी मांग के अनुरूप पेयजल परिवहन कराया गया है। इस पर होने वाला व्यय मांग संख्या 58 के मुख्यशीर्ष 2245 की योजना शीर्ष 6434 ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल परिवहन हेतु प्राप्त आबंटन से किया जाता है।
(ग) क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भी इस समस्याग्रस्त ग्रामों में कोई कार्य योजना तैयार कर पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यवाही की गयी है ?	(ग) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संबंधित है।

उपरोक्तानुसार जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

15/7/15
उप राहत आयुक्त

VS 2015